Ref. No.: ISC/48/2025-26 Date: 24.05.2025

The Vice President National Stock Exchange of India Limited “Exchange Plaza”, Bandra Kurla Complex, Bandra East Mumbai - 400 051. **NSE Symbol : INDIANB**	The Vice President BSE Limited Phiroze Jeejibhai Towers Dalal Street Mumbai - 400 001. **Scrip Code: 532814**

Dear Sir/Madam,

Subject: Copy of Notice of 19th Annual General Meeting (AGM) of the Bank scheduled to be held on Tuesday, the 17th June 2025

In terms of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing a copy of Notice of 19th Annual General Meeting of the Bank scheduled to be held on Tuesday, the 17th June 2025.

This is for your information, record and dissemination please.

Yours faithfully,

For Indian Bank

DINA NATH KUMAR

Digitally signed by DINA NATH KUMAR
DN: st=TAMIL NADU, serialNumber=f9e22b8c1b4cbe397ea154974bb1f6e21a396ec0948def3bce4111484c37a148, postalCode=600014, ou=INVESTOR SERVICE CELL, o=INDIAN BANK, c=IN, cn=DINA NATH KUMAR
Date: 2025.05.24 22:59:38 +05'30'

AGM & Company Secretary

Encl: A/a

कॉर्पोरेट कार्यालय
254–260, अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014

Corporate Office
254 - 260, Avvai Shanmugam Salai,
Royapettah, Chennai – 600 014

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग(वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से 19वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

NOTICE OF 19th ANNUAL GENERAL MEETING THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC)/ OTHER AUDIO VISUAL MEANS (OAVM)

मंगलवार 17 जून 2025 को प्रातः 11.00 बजे

Tuesday, the 17th June 2025 at 11.00 a.m.

महत्वपूर्ण तिथियाँ

IMPORTANT DATES

19वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की तिथि एवं समय Date and Time of 19th Annual General Meeting (AGM)	**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से मंगलवार 17 जून, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे (आईएसटी)** Tuesday, the 17th June, 2025 at 11.00 a.m. (IST) through Video Conferencing (VC) and Other Audio Visual Means (OAVM)
स्पीकर के रूप में पंजीकृत होने के लिए ई-मेल के माध्यम से अनुरोध भेजने की अंतिम तिथि Last date for sending e-mail request to get registered as a speaker	**गुरुवार**, 12 **जून** 2025 **(कार्य समय की समाप्ति)** Thursday, the 12th June 2025 (close of Business Hours)
बैठक की कार्यसूची मदों पर मतदान करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए कट-ऑफ तिथि Cut-off Date for ascertaining eligibility of the Shareholders to vote on Agenda items of the meeting.	**मंगलवार** 10 **जून 2025 (कार्य समय की समाप्ति)** Tuesday, the 10th June 2025 (close of Business Hours)
रिमोट ई-वोटिंग Remote E-Voting	**शुक्रवार, 13 जून 2025 को प्रातः 09.00 बजे (आईएसटी) से सोमवार, 16 जून 2025 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी) तक** From 09.00 a.m. (IST) on Friday, the 13th June 2025 to 5.00 p.m. (IST) on Monday, the 16th June 2025.
लाभांश के लिए अभिलिखित तिथि Record Date for Dividend	**मंगलवार, 10 जून, 2025 (कार्य समय की समाप्ति)** Tuesday, the 10th June 2025 (close of Business Hours)
वार्षिक लेखा बंदी तिथि Annual Book Closure Date	**बुधवार 11 जून 2025 से मंगलवार 17 जून 2025 (दोनों दिन सम्मिलित)** From Wednesday, the 11th June 2025 to Tuesday, the 17th June 2025 (both days inclusive)
लाभांश भुगतान तिथि Dividend Payment Date	**गुरुवार 10 जुलाई 2025** Thursday, the 10th July 2025

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254-260 अव्वै षण्मुगम सालै,

रायपेट्टा, चेन्नै - 600 014

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंडियन बैंक के शेयरधारकों की 19वीं **वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 17 जून, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे(आईएसडी)** को **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग(वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम)**, के माध्यम से निम्नलिखित कार्यव्यवसाय(यों) के संचालन हेतु आयोजित की जाएगी।

सामान्य कार्यव्यवसाय:

कार्यसूची मद संख्या 1 :

यथास्थिति 31 मार्च 2025 के बैंक के लेखापरीक्षित तुलनपत्र, उस तिथि को समाप्त वर्ष का लाभ एवं हानि लेखा, लेखे द्वारा कवर की गई अवधि हेतु बैंक की कार्यप्रणाली एवं क्रियाकलापों के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलनपत्र व लेखा संबंधी लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श, अनुमोदन एवं अंगीकरण।

कार्यसूची मद संख्या 2 :

बैंक के इक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोषणा।

विशेष कार्यव्यवसाय :

कार्यसूची मद संख्या 3 : श्री बिनोद कुमार बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) की नियुक्ति का अनुमोदन

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित पाया जाए तो **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करनाः

"**संकल्प किया जाता है कि** सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1सी) के समय-समय पर यथा संशोधित अनुसरण में, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना संदर्भ सं. ईएफ. सं. 4/4 (ii)/2023-बीओ.I के माध्यम से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री बिनोद कुमार की नियुक्ति को 16.01.2025 से(कार्यभार ग्रहण करने की तिथि) तीन(3) वर्षों की अवधि हेतु या भारत सरकार के अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, अनुमोदित किया जाए और एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

कार्यसूची मद संख्या 4 : श्री विश्वेश कुमार गोयल, बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति का अनुमोदन

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित पाया जाए तो **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करनाः

"**संकल्प किया जाता है कि** सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1सी) के समय-समय पर यथा संशोधित के अनुसरण में, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण)

अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (एच) के तहत, भारत सरकार द्वारा दिनांक 11 अप्रैल 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना सं. 6/1(iii)/2024-बीओ.I दिनांक 11.04.2025 के माध्यम से बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री विश्वेश कुमार गोयल की नियुक्ति को दिनांक 11.04.2025 (अधिसूचना की तिथि) से एक (01) वर्ष की कालावधि हेतु या भारत सरकार के अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, अनुमोदित किया जाए और एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है। "

कार्यसूची मद संख्या 5 : श्री बालमुकुंद सहाय, बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति का अनुमोदन

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित पाया जाए तो **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करनाः

"**संकल्प किया जाता है कि** सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1सी) के समय-समय पर यथा संशोधित के अनुसरण में, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (एच) के तहत, भारत सरकार द्वारा दिनांक 11 अप्रैल 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना सं. 6/1(iv)/2024-बीओ.I के माध्यम से बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री बालमुकुंद सहाय की नियुक्ति को दिनांक 11.04.2025 (अधिसूचना की तिथि) से एक (01) वर्ष वर्ष की कालावधि हेतु या भारत सरकार के अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, अनुमोदित किया जाए और एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है। "

कार्यसूची मद सं. 6: मेसर्स षणमुगम राजेंद्रन एंड एसोसिएट्स एलएलपी, कंपनी सेक्रेटरीज को वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच साल की अवधि हेतु, बैंक के सचिवालयीन लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति का अनुमोदन ।

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उचित पाया जाए तो **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करनाः

"**संकल्प किया जाता है कि** सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 24ए समय-समय पर यथा संशोधित के अनुसार, मेसर्स षणमुगम राजेंद्रन एंड एसोसिएट्स एलएलपी, कंपनी सेक्रेटरीज (फर्म पंजीकरण संख्या LLPIN:AAJ-0071) बैंक के निदेशक मंडल द्वारा यथा अनुशंसित, को वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच साल की कालावधि के लिए बैंक के सचिवालयीन लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त जाए और एतदद्वारा नियुक्त किया जाता है ।

कार्यसूची मद संख्या 7 : क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू अथवा इसके संयोजन के माध्यम से कुल रु.5000 करोड़ (प्रीमियम सहित) तक इक्विटी पूंजी जुटाया जाना ।

निम्नलिखित संकल्प(पों) को विचार करना और यदि उचित पाया जाए तो विशेष संकल्पके रूप में पारित करनाः

"**संकल्प किया जाता है कि** बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 ("अधिनियम"), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 (" योजना") और इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1999 ("विनियम") समय-समय पर यथासंशोधित, उपबंधों के अनुसरण में और भारतीय रिजर्व बैंक

("आरबीआई"), भारत सरकार ("जीओआई"), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") और/अथवा इस संबंध में अपेक्षित किसी अन्य प्राधिकारी के अनुमोदन, सहमति, अनुमति, मंजूरी, यदि कोई हो, के अधीन और ऐसे अनुमोदन के लिए उनके द्वारा निर्धारित निबंधनों, शर्तों एवं उनमें परिसंशोधनों के अधीन, जैसा कि ऐसे अनुमोदन प्रदान करने हेतु बैंक के निदेशक मंडल की सहमति हो और विनियमों अर्थात्- सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018 ("सेबी आईसीडीआर विनियम") यथा अद्यतन संसोधित/आरबीआई, सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश, यदि कोई हो, बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के अंतर्गत अधिसूचनाओं/परिपत्रों और स्पष्टीकरणों और/तथा अन्य सभी प्रयोज्य विधियों और समय-समय पर अन्य सभी प्रासंगिक प्राधिकरणों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 यथासंशोधित, के प्रावधानों के अधीन बैंक के शेयरधारकों की सहमति है और एतद्द्वारा बैंक के निदेशक मंडल (जिसे इसके बाद "बोर्ड" कहा गया है, जिसमें इस संकल्प द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बोर्ड द्वारा गठित की गई/की जानेवाली समिति को शामिल माना जाएगा) को दी जाती है कि वह बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ए) के अनुसार बैंक की प्राधिकृत की सीमा के अंदर कुल रु.5000 करोड़ (रुपये पांच हजार करोड़ मात्र) तक रु.10.00 प्रति के अंकित मूल्य या प्रतिभूतियों/शेयरों को जारी करते समय प्रचलित/निर्धारित अंकित मूल्य का उस संख्या में इक्विटी शेयर भारत या विदेश में प्रस्ताव दस्तावेज/सूचीपत्र या ऐसे अन्य दस्तावेज के जरिये सृजन, प्रस्ताव, निर्गम और आबंटन इस प्रकार करे (उस समय प्रयोज्य विधि द्वारा यथा अनुमत निर्गम के ऐसे भाग और ऐसी श्रेणियों के व्यक्तियों को फर्म आबंटन और/अथवा प्रतिस्पर्धी आधार संबंधी आरक्षण के प्रावधान सहित) कि भारत सरकार हर समय बैंक की प्रदत्त इक्विटी पूंजी का 52.00% से कम धारण नहीं करेगी, चाहे प्रीमियम पर या बाजार मूल्य में छूट पर, एक या अधिक शृंखलाओं में, एक या अधिक शेयरधारकों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों ("एनआरआई"), कंपनियों - निजी या सार्वजनिक, निवेश संस्थाओं, सोसाइटियों, न्यासों, अनुसंधान संगठनों, अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं ("क्यूआईबी") यथा विदेशी संस्थागत निवेशकों ("एफआईआई"), विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ("एफपीआई"), बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्यूचुअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड, विदेशी वेंचर कैपिटल निवेशकों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेंशन निधियों, विकास वित्त संस्थाओं, अथवा अन्य संस्थाओं, प्राधिकरणों या अन्य श्रेणी के निवेशकों जो मौजूदा विनियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों में निवेश करने हेतु प्राधिकृत हैं या उपर्युक्त का संयोजन के रूप में जैसा बैंक द्वारा उचित समझा जाए, सहित हो।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि ऐसा निर्गम, प्रस्ताव या आबंटन इसके अधिक आबंटन के विकल्प सहित या तो रहित अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी), फॉलो ऑन पब्लिक इश्यू, राइट्स इश्यू के रूप में या इनके संयोजन के रूप में होगा और यह कि ऐसा प्रस्ताव, निर्गम, स्थानन और आबंटन बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, सेबी (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018 ("सेबी आईसीडीआर विनियम") के प्रावधानों और आरबीआई, सेबी और संबंधित अन्य प्राधिकरण द्वारा जारी अन्य दिशानिर्देशों और ऐसे समय पर इस प्रकार से और ऐसे निबंधनों और शर्तों पर जैसा बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार से उचित समझे, किया जाए।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि बोर्ड को ऐसे मूल्य या मूल्यों पर निर्णय लेने का प्राधिकार होगा कि वह इस प्रकार से और जहां भी आवश्यक हो अग्रणी प्रबंधकों और/अथवा हामीदारों और/अथवा अन्य सलाहकारों या अन्यथा ऐसे निबंधनों और शर्तों पर बोर्ड अपने विवेकाधिकर से सेबी आईसीडीआर विनियमों, अन्य विनियमों, कोई अन्य या सभी प्रयोज्य विधियों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार, चाहे ऐसे निवेशक बैंक के मौजूदा शेयरधारक है अथवा नहीं, ऐसे मूल्य पर जो सेबी आईसीडीआर विनियमों के संगत उपबंधों के अनुसार यथानिर्धारित मूल्य से कम न हो, का निर्णय ले सकता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, यथासंशोधित, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, के उपबंधों, इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1999 के उपबंधों, सेबी आईसीडीआर विनियमों के उपबंधों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999, और विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) यथा संशोधित नियम, 2019 के उपबंधों के अनुसार और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेजों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी), उद्योग नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी), वाणिज्य मंत्रालय और अन्य सभी संबंधित प्राधिकरणों (जिन्हें इसके बाद संयुक्त रूप से "समुचित प्राधिकरण" कहा गया है) से अपेक्षित अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों और/अथवा मंजूरी के अधीन और ऐसे अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/अथवा मंजूरियां (जिन्हें आगे "अपेक्षित अनुमोदन" कहा गया है) प्रदान करते समय इनमें से किसी के द्वारा निर्धारित ऐसी शर्तों के अधीन, बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार से सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VI के अंतर्गत यथा उपबंधित, अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन के आधार पर क्यूआईबी (सेबी आईसीडीआर विनियम में यथा परिभाषित) के लिए दस्तावेज और/अथवा ऐसे अन्य दस्तावेज/राइटिंग/परिपत्रों/ज्ञापनों आदि के माध्यम से और सेबी आईसीडीआर विनियमों अथवा उस समय प्रचलित विधि के अन्य प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित ऐसे मूल्य, निबंधनों और शर्तों पर, समय-समय पर एक या अधिक श्रृंखलाओं में इक्विटी शेयर या वारंटों से इतर प्रतिभूतियों का सृजन, निर्गम, प्रस्ताव और आबंटन कर सकता है, जो बाद की तिथि में इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तनीय अथवा विनिमय योग्य हो, इस प्रकार से कि केन्द्र सरकार किसी भी समय बैंक की प्रदत्त इक्विटी पूंजी का 52.00% से कम धारण न करें।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VI के अनुसरण में अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) के मामले में:

क) प्रतिभूतियों का आबंटन केवल सेबी आईसीडीआर विनियम के अन्तर्गत परिभाषित अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा और ऐसी प्रतिभूतियां पूर्णतया प्रदत्त होंगी और ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन इस संकल्प की तिथि से 365 दिन के अंदर पूरा किया जाएगा।

ख) सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 176(1) के परंतुक के अनुसरण में बैंक सेबी आईसीडीआर विनियम में यथानिर्धारित न्यूनतम मूल्य पर अधिकतम पांच प्रतिशत तक छूट के साथ शेयरों को प्रस्तावित करने हेतु प्राधिकृत है।

ग) प्रतिभूतियों के न्यूनतम मूल्य के निर्धारण की संगत तिथि सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार होगी।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि बोर्ड को अपना अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड/स्टॉक एक्सचेंज जहाँ बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या ऐसे अन्य समुचित प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित एवं अधिरोपित किसी भी आशोधन, बोर्ड द्वारा यथा सहमत, को प्रस्ताव में स्वीकार करने का प्राधिकार एवं शक्ति होगी।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि इस संकल्प के अनुसरण में नए इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों, यदि कोई हो, का एनआरआई, एफआईआई, एफपीआई और/अथवा अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को निर्गम और आबंटन, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अंतर्गत यथा प्रयोज्य आरबीआई के अनुमोदन के अधीन किंतु अधिनियम में निर्धारित समग्र सीमाओं के अंदर होगा।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि जारी किए जाने वाले उक्त नए शेयर इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1999, यथासंशोधित के अधीन होंगे और हर प्रकार से बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के समान होंगे

तथा किसी भी समय घोषित किए जाने वाले तथा ऐसी घोषणा के समय प्रभावी एवं मौजूदा सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश के पात्र होंगे।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के किसी निर्गम/आबंटन को प्रभावी करने के प्रयोजन से बोर्ड, सार्वजनिक प्रस्ताव की शर्तों के साथ-साथ निवेशकों के वर्ग जिन्हें प्रतिभूतियां आबंटित की जानी हैं, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि जैसा कि बोर्ड अपने विवेकाधिकार के तहत उचित समझे एवं ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले एवं बात करने, और ऐसे विलेखों, दस्तावेजों और करारों का निष्पादन करने जिसे बोर्ड अपने विवेकाधिकार के तहत आवश्यक, उचित, वांछित अथवा समुचित समझे तथा सार्वजनिक प्रस्ताव, निर्गम, आबंटन और निर्गम की आय के उपयोग के संबंध में संभावित किसी शंका, कठिनाई अथवा संदेह के समाधान हेतु और बैंक के सर्वोत्तम हित में, शेयरधारकों से अतिरिक्त अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना, अपने विवेकानुसार जैसा उचित और ठीक समझे, निबंधनों और शर्तों के संबंध में ऐसे आशोधन, परिवर्तन, भिन्नताओं, फेरबदल, विलोपन, वृद्धि को स्वीकार और प्रभावी करने और इस संकल्प के तहत बैंक को प्रदत्त सभी या किसी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बोर्ड प्राधिकृत किया जाए है एवं एतदद्वारा किया जाता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि बोर्ड, ऐसी समस्त व्यवस्थाओं के लिए किसी मर्चेंट बैंकर(रों), बुक रनर(रों), अग्रणी प्रबंधक(कों), विधि सलाहकार(रों), बैंकर(रों), हामीदार(रों), डिपाजिटरी(रियों), रजिस्ट्रार(रों), लेखापरीक्षक(कों) और ऐसी सभी एजेंसियों, जो इस प्रकार के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम प्रस्ताव में निहित अथवा संबद्ध हों, के साथ ऐसी सभी व्यवस्थाओं में शामिल होने और निष्पादन करने, और ऐसी समस्त संस्थाओं एवं एजेंसियों को कमीशन, ब्रोकरेज, शुल्क अथवा तत्समान किसी स्वरूप में पारिश्रमिक देने के लिए और ऐसी एजेंसियों के साथ भी ऐसी सभी व्यवस्थाएं, करार, ज्ञापन, दस्तावेज आदि निष्पादित करने हेतु प्राधिकृत किया जाए एवं एतद्द्वारा किया जाता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि उपर्युक्त को प्रभावी करने के प्रयोजन से बोर्ड, मर्चेंट बैंकर(रों), बुक रनर(रों), अग्रणी प्रबंधक(कों), विधि सलाहकार(रों), हामीदार(रों), और/अथवा अन्य व्यक्तियों जो कि बैंक द्वारा नियुक्त किए गए हों, के परामर्श से निर्गम(मों) के स्वरूप एवं शर्तो का निर्धारण, जिसमें निवेशकों का वह वर्ग, जिसे शेयरों/प्रतिभूतियों का आबंटन किया जाना है, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित यदि कोई हो), अंकित मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि/प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन/वारंटों का प्रयोग/प्रतिभूतियों के निर्मोचन, ब्याज दर, निर्मोचन अवधि, प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन अथवा निर्मोचन अथवा निरसन पर इक्विटी शेयरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, मूल्य, प्रतिभूतियों के निर्गम/संपरिवर्तन पर प्रीमियम, ब्याज दर, संपरिवर्तन की अवधि, अभिलिखित तिथि अथवा बही बंदी का निर्धारण और संबद्ध एवं आनुषांगिक मामले, भारत और/अथवा विदेश में एक या अधिक स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता जैसा कि बोर्ड द्वारा विवेकानुसार उचित समझा जाए, भी सम्मिलित है, करने हेतु प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा किया जाता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि ऐसे शेयरों को जो कि सब्सक्राइब नहीं हुए हों, बोर्ड द्वारा अपने विवेकाधिकार से, जैसा कि उसके द्वारा उचित समझा जाए तथा विधि अनुसार यथा अनुज्ञेय, निष्पादित किया जा सकेगा।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि इस संकल्प को प्रभावी करने के प्रयोजन से बोर्ड, इक्विटी शेयरों के निर्गम हेतु ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले एवं बात करने, जिसे बोर्ड अपने विवेकाधिकार के तहत आवश्यक, उचित, वांछित अथवा समुचित समझे तथा इस संबंध में संभावित किसी शंका, कठिनाई अथवा संदेह के समाधान हेतु और साथ ही सभी दस्तावेजों तथा लेखन जैसा आवश्यक, वांछनीय अथवा उचित समझे ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले और बात, जिसे वह अपने विवेकाधिकार के तहत उचित अथवा वांछनीय समझे, शेयरधारकों की

और किसी सहमति अथवा अनुमोदन की मांग अथवा प्राधिकृत किए बिना यह मानते हुए कि शेयरधारकों ने इन संकल्पों के प्राधिकार के माध्यम से स्पष्ट रूप से अपना अनुमोदन दिया है, करने हेतु प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा किया जाता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प(पों) को प्रभावी करने के प्रयोजन से अपनी किसी शक्ति अथवा समस्त शक्तियां बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अथवा कार्यपालक निदेशक(कों) में से किसी को अथवा ऐसे अन्य अधिकारी(रियों) को, जैसा वह उचित समझे, को प्रत्यायोजित करने हेतु बोर्ड प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा किया जाता है।"

निदेशक मंडल के आदेश से

ह.अ.

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 20 मई, 2025

(बिनोद कुमार)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

टिप्पणियाँ

1- व्याख्यात्मक विवरण :

बैठक के कार्यव्यवसाय के संबंध में भौतिक तथ्यों को निर्धारित करनेवाला व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है और यह सूचना का हिस्सा है।

2. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विज़ुअल साधन के माध्यम से वार्षिक आम बैठक का संचालन ("ई-एजीएम"):

ए) वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठकें कराने के संबंध में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी परिपत्र) द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसरण में तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक की एजीएम का संचालन वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर सभी सदस्यों/शेयरधारकों की भौतिक रूप से उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी। एजीएम के लिए विचारणीय स्थान चेन्नै में स्थित बैंक का कॉर्पोरेट कार्यालय होगा।

बी) बैंक एमसीए परिपत्र में वर्णित सभी प्रावधानों का अनुपालन एवं पालन कर रहा है। बैंक ने वीसी/ओएवीएम कनेक्शन में तकनीकी खराबी से बचने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। बैंक ने बैठक की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करेगा ।

सी) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में सहभागिता एवं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग करने की सुविधा भी उपलब्ध करेगा ।

डी) सेबी एवं एमसीए परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुसार, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in, स्टॉक एक्सचेंज यथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध कराई जाएगी।

ई) एजीएम वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित की जाएगी, अतएव, सचिवालयीन मानक 2 के अंतर्गत यथा अपेक्षित रूट मैप इस सूचना में संलग्न नहीं है ।

एफ) भौतिक मोड में शेयर रखनेवाले शेयरधारक इस लिंक https://investors.cameoindia.com पर क्लिक करके अपनी ई-मेल आईडी को अस्थायी रूप से पंजीकृत कर सकते हैं और इस प्रयोजनार्थ अनुरोध भेजकर एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त कर सकते है।

3. <u>मतदान अधिकार :</u>

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ई) के अनुसार, केन्द्र सरकार को छोड़कर, बैंक का कोई भी शेयरधारक अपने द्वारा धारित शेयरों के संबंध में, **बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक**, मतदान का प्रयोग करने का हकदार नहीं है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999 यथा संशोधित के विनियम 10 के अनुसार यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्ययक्तियों के नाम पर पंजीकृत है तो इस स्थिति में रजिस्टर में पहले पंजीकृत व्यक्ति को मतदान किए जाने का एकल अधिकारी माना जाएगा।

4. **<u>प्रॉक्सी की नियुक्ति :</u>**

चूंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें सदस्यों/शेयरधारकों को शारीरिक रूप से उपस्थित होना आवश्यक नहीं है, अतः मौजूदा एमसीए/सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार प्राक्सियों की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, एजीएम में शेयरधारकों द्वारा प्राक्सियों की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और इस प्रकार प्राक्सी की नियुक्ति के लिए लिखत इस एजीएम सूचना के साथ संलग्न नहीं है।

5. **<u>प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति :</u>**

कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय, जो बैंक का शेयरधारक है, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में तब तक बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेगा अथवा मतदान नहीं कर सकेगा, जब तक कि विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करने वाले संकल्प की प्रति, जिसे उस बैठक, जिसमें उसे पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा सत्यप्रति के रूप में प्रमाणित किया गया है, जिसे बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में कंपनी सचिव, इंडियन बैंक, निवेशक सेवा कक्ष, विंग 2 - सी, द्वितीय तल, 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै - 600 014 को या उक्त संकल्प की प्रमाणित मूल प्रति की स्कैन कॉपी ई-मेल के माध्यम से scrutinizer@snaco.net एवं इसकी प्रति investors@indianbank.co.in को वार्षिक आम बैठक की तारीख से कम से कम चार दिन पहले तक अर्थात 13 जून, 2025 को कार्य-समय की समाप्ति अर्थात् सायं 05.00 बजे तक या उससे पूर्व भेजा जाता है।

6. **<u>अभिलिखित तिथि और बही बंदी :</u>**

लाभांश भुगतान हेतु अभिलिखित तिथि **मंगलवार, 10 जून, 2025** होगी।

19वीं एजीएम और लाभांश भुगतान के निमित्त बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर संचरण बहियाँ **बुधवार, 11 जून 2025 से मंगलवार, 17 जून 2025** तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेंगी।

7. **<u>लाभांश का भुगतान :</u>**

वार्षिक आम बैठक में, यदि शेयरधारकों द्वारा लाभांश की घोषणा की जाती है, तो उसका भुगतान उन शेयरधारकों को किया जाएगा, जिनके नाम :

ए) इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गये शेयरों के सम्बन्ध में, **मंगलवार, 10 जून, 2025** को कार्य समाप्ति पर एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली शेयरधारकों की सूची में लाभार्थी स्वामियों के रूप में शामिल हों तथा/अथवा

बी) भौतिक रूप में रखे गये शेयरों के सम्बन्ध में, शेयरधारकों से प्राप्त वैध संचरण अनुरोध को प्रभावी करने के पश्चात **मंगलवार, 10 जून, 2025** को शेयरधारकों की पंजिका में शामिल हों।

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) के माध्यम से लाभांश को जमा करने का विकल्प नहीं दिया है, उन्हें लाभांश के भुगतान तिथि से पहले रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट अर्थात- मेसर्स कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड के जरिए लाभांश वारंट भेजा जाएगा।

ऐसे शेयरधारक जिन्होंने एनएसीएच/इलेक्ट्रानिक रूप से जमा के माध्यम से लाभांश को अपने खाते में जमा करने का विकल्प दिया है, उनका लाभांश एनएसीएच के माध्यम से उनके बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। एनएसीएच निष्फल / वापस होने की स्थिति में संबंधित शेयरधारकों को लाभांश वारंट जारी किया जाएगा।

लाभांश का भुगतान भारत सरकार के आवश्यक अनुमोदन/निर्देश के अधीन है। लाभांश भुगतान की तिथि **10 जुलाई 2025** होगी।

8. <u>भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान (शेयर प्रमाणपत्र):</u>

07 मई 2024 के सेबी मास्टर सर्कुलर सेबी / एचओ / एमआईआरएसडी / पीओडी-1 / पी / सीआईआर / 2024 / 37 के अनुसार, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सभी शेयरधारकों के लिए पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण (पिन और मोबाइल नंबर के साथ डाक पता), बैंक खाते का विवरण और उनके संबंधित फोलियो नंबर के लिए नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना अनिवार्य है । इसके अलावा 01.04.2024 से, ऐसे शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया जाएगा, अर्थात् सीधे बैंक खाते में जमा किया जाएगा। लाभांश के भुगतान के लिए लाभांश वारंट नहीं भेजा जाएगा।

उन शेयरधारकों को, जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं (शेयर प्रमाणपत्र) और सेबी द्वारा निर्धारित दस्तावेज, यानी उचित बैंक विवरण, पैन, केवाईसी दस्तावेज और नामांकन विवरण जमा नहीं किए हैं, उन्हें लाभांश भुगतान की तारीख पर, लाभांश का भुगतान किया गया माना जाएगा, हालांकि, लाभांश राशि बैंक के लाभांश खाते में तब तक जमा रहेगी जब तक कि उचित बैंक विवरण सहित संपूर्ण दस्तावेज/विवरण शेयरधारक द्वारा प्रदान नहीं किए जाते हैं। उचित बैंक विवरण, अन्य केवाईसी दस्तावेज़ और नामांकन विवरण बैंक/बैंक के आरटीए द्वारा प्राप्त हो जाने पर, लाभांश सीधे संबंधित शेयरधारक के बैंक खाते में विप्रेषित कर दिया जाएगा।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, भौतिक रूप में शेयर (शेयर प्रमाणपत्र) रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द बैंक/बैंक के आरटीए को समुचित बैंक विवरण, अन्य केवाईसी और नामांकन विवरण प्रस्तुत करें, ताकि, उनका लाभांश, लाभांश भुगतान तिथि पर ही उनके बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त हो सके।

9. <u>लाभांश संबंधी स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) :</u>

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा यथा संशोधित आयकर अधिनियम, 1961 ('अधिनियम') में परिवर्तन के अनुसार, लाभांश के रूप में प्राप्त आय पर शेयरधारकों द्वारा देय है और शेयरधारकों को निर्धारित दरों पर लाभांश का भुगतान करते समय स्रोत (टीडीएस) पर बैंक द्वारा कर कटौती की जानी है। कर कटौती/कर रोक की दर शेयरधारक की आवासीय स्थिति और अधिनियम में उल्लिखित छूट के आधार पर अपेक्षित दस्तावेजों को मुहैया कराने के अधीन अलग-अलग होगी।

टीडीएस कटौती में छूट का दावा करने के लिए कर योग्य सीमा से कम कुल आयवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे फॉर्म 15जी (60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए लागू)/15एच (60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए लागू) को बैंक को ई-मेल investors@indianbank.co.in या बैंक की आरटीए की ई-मेल आईडी investor@cameoindia.com /agm@cameoindia.com पर भेजें।

कृपया ध्यान दें कि कर निर्धारण/कटौती से संबंधित किसी भी पत्राचार/दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा, यदि वह बैंक को कार्यसमय क समय की समाप्ति अर्थात **30 जून 2025 को सायं 5.00 बजे** तक या उससे पहले प्राप्त नहीं होता है।

10. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र :

चूंकि बैठक वीसी/ओवीएम के माध्यम से संचालित की जा रही है अतः एजीएम में सहभागिता के लिए उपस्थिति पर्ची सह-प्रवेश पत्र की आवश्यकता नहीं है।

11. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट के साथ पत्राचार :

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पंजीकृत पते में किसी प्रकार के परिवर्तन होने, ट्रांसमिशन, डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने, ईसीएस (इलेक्ट्रानिक समाशोधन पद्धति) अधिदेश आदि हेतु अनुरोध करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेन्ट (आरटीए) को निम्न पते पर संपर्क करें :-

कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड
(यूनिट: इंडियन बैंक)
सुब्रमण्यम बिल्डिंग
नं -1, क्लब हाउस रोड,
चेन्नै 600 002
टेलीफोन - 044 - 28460390/91/92/93/94 (5 लाइनें)
ईमेल : investor@cameoindia.com या cameo@cameoindia.com

शेयरधारकों को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से इंडियन बैंक ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै में निवेशक सेवा कक्ष की स्थापना की है। शेयरधारक और निवेशक किसी भी प्रकार की सहायता हेतु निम्नलिखित पते पर इस कक्ष से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं:

महाप्रबंधक - मुख्य वित्त अधिकारी इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै - 600 014 दूरभाष : 044-28134563 ई-मेल : cfo@indianbank.co.in	सहायक महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव इंडियन बैंक, निवेशक सेवा कक्ष 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै - 600 014 दूरभाष : 044-28134698 ई-मेल : investors@indianbank.co.in

12. <u>अदत्त/अदावी लाभांश, यदि हो, तो :</u>

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10 बी के अनुसार, वह राशि जो अदत्त/अदावी लाभांश खाता में अंतरित की गई है और ऐसे अंतरण की तिथि से वह सात वर्षों के लिए अदत्त/अदावी हो, तो उसे कंपनी अधिनियम, 1956/2013 की धारा 205 सी/125 के तहत केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित "इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड" में अंतरित किया जाएगा।

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के निदेशों/दिशानिर्देशों के अनुक्रम में, उनके पत्र संख्या एफ.सं.7/93/2013-बीओए दिनांक 21.05.2014 के अनुसार, बैंक की लाभांश राशि जो सात वर्षों के लिए अदत्त/अदावी रही, तो उसे बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10 बी के अनुपालन में केंद्र सरकार के "इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड" में अंतरित किया गया है।

जिन शेयरधारकों ने वित्तीय वर्ष 2020-21 और उसके बाद बैंक द्वारा घोषित लाभांश का लाभांश वारंट का नकदीकरण नहीं कराया है, उनसे आग्रह है कि वे एनईएफटी/सीधे अंतरण के माध्यम से अपने अदत्त लाभांश वारंट की रकम के विप्रेषण के लिए अपने बैंक विवरण के साथ रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट, कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड, सुब्रमण्यम बिल्डिंग, नं-1, क्लब हाउस रोड, चेन्नै- 600 002 के पास अपना वैध दावा दर्ज करें। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए बैंक द्वारा कोई लाभांश घोषित नहीं किया गया था।

इसके अलावा, बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अनुसार, बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, उक्त अधिनियम की धारा 125 के तहत स्थापित इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में उन सभी शेयरों को अंतरित करेगा, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों की अवधि के लिए लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, साथ ही उक्त नियमों में विनिर्दिष्ट विवरणों वाले विवरण भी होंगे।

कोई भी व्यक्ति जिसके शेयर या अदावी या अदत्त धनराशि हो, इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में अंतरित कर दी गयी है, वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 और धारा 125 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार उक्त निधि से अंतरण का दावा करने का हकदार होगा।"

अदत्त अदावी लाभांश वारंटों का विवरण बैंक की साइट/www.indianbank.in पर उपलब्ध है।

13. <u>पता/बैंक ब्योरा/बैंक खाता में परिवर्तन</u>

ए) लाभांश का भुगतान, यदि कोई घोषित किया गया हो, करने हेतु एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत बैंक खाते के ब्यौरे संबंधित डिपॉजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किया जाता है।

तदनुसार, शेयरधारक जिन्होंने अपना शेयर इलेक्ट्रानिक रूप में रखा है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ अद्यतन कराएं। इंडियन बैंक अथवा इसके आरटीए इलेक्ट्रानिक रुप में रखे शेयरों/डीमैट खाते के धारकों के बैंक विवरणों अथवा बैंक मैंडेट या पंजीकृत पते में किसी परिवर्तन हेतु सीधे प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। ऐसे परिवर्तनों, यदि कोई हो, के लिए शेयरधारक अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट, जहां उनका डीमैट खाता है, को संपर्क करें।

बी) शेयरधारक जिन्होंने अपना शेयर भौतिक रूप में रखा है, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए), कैमियो कॉर्पोरेट सेवाएँ लिमिटेड को उनके ऊपर उल्लिखित पते पर औपचारिक अनुरोध भेजें :

(i) पते में परिवर्तन के लिए- वैध दस्तावेजी प्रमाण के साथ प्रथम/एकल शेयरधारक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध/आवेदन।

(ii) बैंक विवरण में परिवर्तन/अद्यतन करने के लिए- प्रथम/एकल शेयरधारक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध/आवेदन के साथ रद्द किए गए चेक जिस पर खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड और नाम मुद्रित हो।

सी) बैंक अथवा बैंक के आरटीआए के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय भौतिक रूप (शेयर प्रमाणपत्र) में शेयर रखने के मामले में शेयरधारक संबंधित फोलियो क्रमांक तथा इलेक्ट्रानिक (डीमैट खाते) रूप में शेयर रखने के मामले में डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।

14. <u>रिमोट ई-मतदान के माध्यम से मतदान अधिकार का प्रयोगः</u>

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अनुसार, बैठक में उपस्थित रहने व मतदान के पात्र शेयरधारक रिमोट ई-मतदान के जरिये अपने मतदान का प्रयोग कर सकते हैं।

रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है।

शेयरधारकों/हिताधिकारी स्वामी के मताधिकारों का निर्धारण **मंगलवार, 10 जून, 2025** (इस उद्देश्य हेतु निर्धारित तिथि) को उनके द्वारा धारित शेयरों के आधार पर किया जाएगा।

15. <u>एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण :</u>

सेबी और एमसीए के मौजूदा परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुसार 19वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की बैंक की वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां भौतिक रूप में प्रेषित नहीं की जाएंगी, बल्कि, इनकी प्रतियां उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएंगी, जिनके ईमेल पते बैंक के शेयरधारक रिकॉर्ड में पंजीकृत हैं।

एजीएम नोटिस और वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in ई-वोटिंग एजेंसी सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

16. <u>भौतिक शेयर धारण का अमूर्तीकरण :</u>

सेबी के मौजूदा मानदंडों के अनुपालन में, बैंक भौतिक रूप में रखे शेयरों के अंतरण की प्रक्रिया नहीं करेगा। भौतिक या अभौतिक रूप में धारित प्रतिभूतियों का आगे संचरण/स्थानांतरण केवल अमूर्तीकृत रूप में किया जाएगा। तदनुसार, भौतिक रूप में शेयर (शेयर प्रमाणपत्र) रखनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वे भौतिक शेयरों से जुड़े सभी जोखिमों से बचने के लिए अपने शेयरों का अमूर्तीकरण करवा लें। शेयरों

के अमूर्तीकरण से तरलता में भी वृद्धि होती है तथा शेयरधारक अपने डीमैट खाते से जुड़े डीमैट ट्रेडिंग खाते के माध्यम से अपनी सुविधा के अनुसार शेयरों को बेच सकेंगे।

भौतिक शेयरों (शेयर प्रमाणपत्र) के अमूर्तीकरण के लिए निर्देशात्मक प्रक्रिया निम्नानुसार है:

(ए) शेयरों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) या सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) में अमूर्त (डीमैट) रूप में रखा जा सकता है। एनएसडीएल और सीडीएसएल डिपॉजिटरी हैं जहां निवेशक/शेयरधारक के शेयर/प्रतिभूतियां इलेक्ट्रॉनिक रूप में डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) के माध्यम से रखी जाती हैं।

(बी) शेयरों के अमूर्तिकरण के लिए, शेयरधारक को स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी या डीमैट सेवाएं प्रदान करनेवाले बैंक में एक डीमैट खाता खोलना होगा। हमारा बैंक अपनी अनुषंगी इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड (आईबीएमबीएस) के माध्यम से डीमैट सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। अधिक जानकारी के लिए कृपया आईबीएमबीएस की वेबसाइट www.indbankonline.com पर लॉग ऑन करें।

(सी) डीमैट खाता खोलने के बाद, शेयरधारक को अपने डीपी, जिसके साथ उन्होंने अपना डीमैट खोला है, को भरे हुए और हस्ताक्षरित डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म (डीआरएफ) के साथ मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) को जमा करना होगा।

(डी) संबंधित डीपी अमूर्तिकरण अनुरोध को संसाधित करेगा और दस्तावेजों के सत्यापन पूरा होने के बाद, संबंधित शेयर प्रमाणपत्र के अनुसार शेयरों की संख्या संबंधित शेयरधारक के डीमैट खाते में जमा हो जाएगा।

17. ई-मतदान हेतु संवीक्षक :

एजीएम के दौरान में रिमोट ई-मतदान और मतदान को न्यायोचित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु बैंक ने मेसर्स एस एन अनन्तसुब्रमणियन, कंपनी सचिव को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

18. ई-मतदान की प्रक्रिया एवं प्रविधि:

इलेक्ट्रानिक रूप से वोटिंग करने हेतु सदस्यों के लिए अनुदेश निम्नवत् हैं:-

चरण 1: डीमैट मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के मामले में डिपॉजिटरी सीडीएसएल/एनएसडीएल ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एक्सेस।

चरण 1: भौतिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और डीमैट मोड में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एक्सेस।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग श्रृंखला संख्या (ईवीएसएन)- **<u>कार्यसूची मद संख्या 1:</u>** यथास्थिति 31 मार्च 2025 को बैंक की लेखापरीक्षित तुलनपत्र, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ व हानि लेखा, लेखों द्वारा कवर की गई अवधि के लिए बैंक की कार्यप्रणाली एवं क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलनपत्र व लेखे पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श , अनुमोदन एवं अंगीकरण। **<u>कार्यसूची मद संख्या 2:</u>** बैंक के इक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोषणा। **<u>कार्यसूची मद संख्या 3:</u>** बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री बिनोद कुमार की नियुक्ति का अनुमोदन **<u>कार्यसूची मद संख्या 4:</u>** बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक श्री विश्वेश कुमार गोयल की नियुक्ति का अनुमोदन **<u>कार्यसूची मद संख्या 5:</u>** बैंक के अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक श्री बालमुकुंद सहाय की नियुक्ति का अनुमोदन **<u>कार्यसूची मद संख्या 6:</u>** मेसर्स षण्मुगम राजेंद्रन एंड एसोसिएट्स एलएलपी, कंपनी सेक्रेटरीज को वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच साल की अवधि, हेतु बैंक के सचिवालयीन लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति का अनुमोदन। **<u>कार्यसूची मद संख्या 7:</u>** क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू अथवा इसके संयोजन के माध्यम से रु.5000 करोड़ (प्रीमियम सहित) तक इक्विटी पूंजी जुटाया जाना ।	**250514004**

(ए) शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार **मंगलवार, 10 जून, 2025** (इस उद्देश्य के लिए निर्धारित तिथि) को उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयर के अनुसार होंगे।

(बी) मतदान की अवधि **शुक्रवार, 13 जून 2025 को सुबह 09.00 बजे (आईएसटी) से शुरू होकर सोमवार, 16 जून 2025 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी इस अवधि के दौरान बैंक के शेयरधारक जिनके पास निर्धारित तिथि अर्थात 10 जून, 2025 को भौतिक रूप में या डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर हैं, अपना मतदान इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर सकते हैं। इसके बाद मतदान के लिए सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सी) ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि, जो शेयरधारक बैठक की तारीख से पहले ही मतदान कर चुके है, वे बैठक में मतदान करने के हकदार नहीं होंगे।

(डी) सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 09.12.2020 के माध्यम से निम्नानुसार सूचित किया है:

(i) सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के तहत, सूचीबद्ध संस्थाओं को सभी शेयरधारकों के प्रस्तावों के संबंध में अपने शेयरधारकों को रिमोट ई-

वोटिंग सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। तथापि, यह देखा गया है कि सार्वजनिक गैर-संस्थागत शेयरधारकों/खुदरा शेयरधारकों की भागीदारी नगण्य स्तर पर है।

(ii) वर्तमान में, भारत में सूचीबद्ध संस्थाओं को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करनेवाले कई ई-वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) हैं। इसके लिए शेयरधारकों द्वारा विभिन्न ईएसपी पर पंजीकरण और कई यूजर आईडी और पासवर्ड के रखरखाव की आवश्यकता होती है।

(iii) सार्वजनिक परामर्श के अनुसरण में, मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, सभी डीमैट खाताधारकों को उनके डीमैट खातों/डिपॉजिटरी की वेबसाइटों/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से एकल लॉगइन क्रेडेंशियल के माध्यम से ई-वोटिंग सक्रिय करने का निर्णय लिया गया है। डीमैट खाताधारक ईएसपी में फिर से पंजीकरण किए बिना अपना वोट डालने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण की सुविधा होगी, बल्कि ई-वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेना आसान और सुविधायुक्त बनाएगी।

(ई) सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र सं सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 09.12.2020 के अनुसार, डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यगित शेयरधारकों को उनके डीमैट खाता डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वे ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अद्यतन करें।

उपर्युक्त सेबी परिपत्र के अनुसरण कर, डीमैट रूप में शेयर/प्रतिभूतियों को रखनेवाले व्यगित शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग और वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए लॉगइन विधि नीचे दी गई है:

शेयरधारक का प्रकार	**लॉगइन विधि**
सीडीएसएल डिपॉजिटरी में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारक	1) जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल ईजी/इजियेस्ट सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगइन कर सकते हैं। बिना किसी प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पेज पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं के लिए ईजी/इजियेस्ट में लॉगइन करने के लिए यूआरएल www.cdslindia.com पर जाएं और लॉगइन आइकन पर क्लिक करें और माईईजी न्यू (टोकेन) टैब चुनें। 2) सफल लॉगइन के बाद ईजी/इजियेस्ट उपयोगकर्ता कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार उन पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे, जहां ई-वोटिंग चल रही है। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर उपयोगकर्ता रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या बैठक के दौरान वर्चुअल बैठक और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख सकेंगे । इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम को एक्सेस करने के लिए लिंक भी प्रदान किया गया है, ताकि, उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सके।

	3) यदि उपयोगकर्ता ईज़ी/ईज़िएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण का विकल्प सीडीएसएल वेबसाइट www.indianbank.in पर उपलब्ध है। लॉगिन और माइइजी न्यू (टोकेन) टैब पर क्लिक करें और फिर पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। 4) वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com के होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक में डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद उपयोगकर्ता, जहां वोटिंग चल रही है, उसके लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे और सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम को सीधे एक्सेस भी कर सकेंगे।
एनएसडीएल डिपॉजिटरी में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारक	1) यदि प्रयोक्ता पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत हैं, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सेवाएं वेबसाइट पर जाएं और पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउजर खोलें। ई-सेवाओं का होम पेज खुलने के बाद 'आइडीएएस' सेक्शन में उपलब्ध "लॉगइन" के तहत "बेनिफिशियल ओनर" आइकन पर क्लिक करें। एक नई स्क्रीन खुलेगी। प्रयोक्ता को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद आप ई-वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के तहत "एक्सेस टू ई-वोटिंग" पर क्लिक करें और प्रयोक्ता ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। बैंक के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें जो प्रयोक्ता को रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा। 2) यदि प्रयोक्ता आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। “आईडीईएएस पोर्टल के लिए रजिस्टर ऑनलाइन" चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3) एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउजर खोलें। ई-वोटिंग सिस्टम का होम पेज खुलने के बाद 'शेयरहोल्डर/मेम्बर' सेक्शन में उपलब्ध "लॉगइन" आइकन पर क्लिक करें। एक नई स्क्रीन खुलेगी। स्क्रीन पर दिखाए गए अनुसार प्रयोक्ता को अपना यूजर आईडी (अर्थात एनएसडीएल में रखे आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद प्रयोक्ता को एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर ले जाया जाएगा, जहां प्रयोक्ता ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। कंपनी/बैंक के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें, जो आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि

	के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा।
वैयक्तिक शेयरधारक (डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले) अपने **डिपॉजिटरी प्रतिभागियों** के माध्यम से लॉगइन करें	प्रयोक्ता ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल में पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगइन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगइन कर सकते हैं। सफल लॉगइन के बाद आप ई-वोटिंग विकल्प देख पाएंगे। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर प्रयोक्ता को सफल प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर ले जाया जाएगा, जहां आप ई-वोटिंग फीचर देख पाएंगे। कंपनी/बैंक के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें जो आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा।

महत्वपूर्ण सूचना: *जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड भूल गए हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।*

डिपॉजिटरी अर्थात सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगइन से संबंधित किसी भी तकनीकी मुद्दे के लिए डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले व्यगित शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क विवरण :

लॉगइन का प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
सीडीएसएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगइन में तकनीकी समस्या होने पर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क करने के लिए सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगइन में तकनीकी समस्या होने पर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क करने के लिए सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 022-4886 7000 और 022 – 2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

(एफ) ई-वोटिंग और डीमैट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों और भौतिक शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों के लिए वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए लॉगइन विधि:

- शेयरधारक ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com में लागऑन करें।
- "शेयरहोल्डर" मॉड्यूल पर क्लिक करें।
- अब अपने यूजर आईडी को प्रविष्ट करें।
    - सीडीएसएल के लिए : 16 अंकों की लाभार्थी आईडी,
    - एनएसडीएल के लिए : 8 कैरेक्टर डीपी आईडी के बाद 8 डिजिट क्लाइंट आईडी,
    - भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों को बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर दर्ज करना चाहिए।
- छवि सत्यापन को प्रदर्शित किए अनुसार दर्ज करें और लॉगइन पर क्लिक करें।

- यदि आप डीमैट रूप में शेयर रख रहे हैं और www.evotingindia.com पर लॉगइन किया है और किसी अन्य कंपनी/बैंक के मतदान में शामिल हुए है, तो आप मौजूदा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।
- यदि आप पहली बार उपयोगकर्ता हैं तो नीचे दिए गए चरणों का पालन करें –

	डीमैट रूप और भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों के लिए व्यक्तियों को छोड़कर
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अल्फ़ा-न्यूमरिक 10 अंकों वाला अपना पैन दर्ज करें (डीमैट शेयरधारक और भौतिक शेयरधारक दोनों के लिए लागू) जिन शेयरधारकों ने बैंक/डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंट में अपने पैन को अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक/आरटीए द्वारा दिए गए अनुक्रम संख्या का उपयोग करें या बैंक/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण या जन्म तिथि	लॉगइन करने के लिए अपने डीमैट खाते में या कंपनी/बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज लाभांश बैंक विवरण या जन्म तिथि (dd/mm/yyyy प्रारूप में) दर्ज करें। यदि दोनों विवरण डिपॉजिटरी या बैंक में दर्ज नहीं हैं, तो लाभांश बैंक विवरण फील्ड में शेयरधारक आईडी/फोलियो संख्या दर्ज करें।

- इन विवरणों को उचित रूप से दर्ज करने के बाद, "सबमिट" टैब पर क्लिक करें।
- भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक इसके बाद सीधे कंपनी चयन स्क्रीन में पहुँच जाएँगे। तथापि, डीमैट रूप में शेयर धारित करनेवाले सदस्य, अब "पासवर्ड सृजन" के मेन्यु में पहुँचेंगे जहाँ उनसे अनिवार्यतः अपेक्षा की जाती है कि वे नये पासवर्ड फील्ड में अपने लागइन पासवर्ड को प्रविष्ट करें। कृपया नोट करें कि इस पासवर्ड का प्रयोग डीमैट धारकों द्वारा अन्य किसी भी कंपनी के संकल्पों के लिए वोट करने हेतु भी किया जाएगा, जहाँ वे वोट देने के लिए पात्र हैं, बशर्ते कि कंपनी सीडीएसएल प्लैटफार्म के जरिए ई-मतदान का विकल्प उपलब्ध कराती है। हमारी सलाह है कि आप किसी अन्य व्यक्ति के साथ पासवर्ड साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने हेतु अत्यन्त सावधानी बरतें।
- भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यों के लिए, इस नोटिस में निहित संकल्पों पर केवल ई-मतदान के लिए विवरण का उपयोग किया जा सकता है।
- संबंधित <कंपनी/बैंक का नाम> ईवीएसएन पर क्लिक करें, जिस पर आप मतदान देना चाहते हैं।
- वोटिंग पेज पर आप "रिसोल्युशन डिस्क्रिपशन" का वर्णन" पाएँगे और उसके सामने मतदान हेतु "एस/नो " विकल्प होगा। अपनी इच्छानुसार "एस " या "नो" का चयन करें। "एस" विकल्प का अभिप्राय यह है कि आप संकल्प से सहमत हैं और "नो" विकल्प का अभिप्राय यह है कि आप संकल्प से सहमत नहीं हैं।
- आप संपूर्ण संकल्पों को देखना चाहते हैं तो " रिसोल्युशन फाइल लिंक" पर क्लिक करें।
- आपने जिस संकल्प पर मतदान देने का निर्णय लिया है, उसको चुनने के बाद "सबमिट" पर क्लिक करें। एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित किया जाएगा। आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो "ओके" पर

क्लिक करें या अपना वोट बदलना चाहते हैं तो "कैन्सल" पर क्लिक करें और तदनुसार अपने वोट को आशोधित करें।

- आप जब एक बार संकल्प पर अपना वोट "पुष्टिकृत" कर देते, तो आपको उसे बदलने नहीं दिया जाएगा।
- वोटिंग पेज पर "क्लिक हियर टू प्रिंट" विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा किए वोट को प्रिंट भी कर सकेंगे।

यदि डीमैट खाताधारक, अपने बदले गए पासवर्ड को भूल जाता है तो उपयोगकर्ता आईडी और छवि सत्यापन कोड को दर्ज करें और "पासवर्ड भूल गए" पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा बताए गए विवरण दर्ज करें।

गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक और अभिरक्षक के लिए सुविधा- रिमोट ई-वोटिंग

- गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिक, एचयूएफ़, एनआरआई आदि से अन्य) और अभिरक्षक को www.evotingindia.com पर लॉगइन करना होगा और खुद को 'कोर्पोरेट्स' मॉड्यूल में पंजीकृत करना होगा।
- संस्था की मोहर और हस्ताक्षर सहित पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करना होगा।
- लॉगइन विवरण प्राप्त करने के बाद एडमिन लॉगइन और पासवर्ड का उपयोग करके एक अनुपालन उपयोगकर्ता बनाना होगा। अनुपालन उपयोगकर्ता उस खाते (खातों) को लिंक करने में सक्षम होगा जिसके लिए वे मतदान करना चाहते हैं।
- लॉगइन में लिंक किए गए खातों की सूची स्वचालित रूप से मैप हो जाएगी और गलत मैपिंग के मामलों में डिलिट हो जाएगी।
- बोर्ड के संकल्प और मुख्तारनामा(पीओए) की एक स्कैन प्रति, जो उन्होंने अभिरक्षक के पक्ष में जारी की है, यदि कोई है, तो इसे सत्यापित करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए।
